लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अश्विन कृष्ण पक्ष एकादशी 03:09 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

वर्ष 4, अंक 326, पृष्ठ 16, मूल्यः 6 रुपये

बरेली, मंगलवार, 10 अक्टूबर 2023

www.amritvichar.com

PAGE NO : 05 MIDDLE

स्पोर्ट्स स्टेडियम में बैडमिंटन प्रतियोगिता में भिड़तीं महिला खिलाड़ी। ● अमृत विचार

आज से शुरू होंगे क्वार्टर फाइनल मुकाबले

● ऑल इंडिया बैडमिंटन टूर्नामेंट का क्वालिफाइंग दौर हुआ पूरा

बरेली, अमृत विचार : स्पोर्ट्स स्टेडियम और एसआरएमएस कोर्ट पर चल रही अखिलेश दास मैमोरियल ऑल इंडिया बैडमिंटन प्रतियोगिता में मंगलवार से क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे।

सचिव अनिल मेहरोत्रा ने बताया कि सोमवार को सभी क्वालिफाइंग मुकाबले समाप्त हुए। सोमवार को प्रतियोगिता की शुरुआत मुख्य अतिथि मेयर डॉ. उमेश गौतम ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर की। प्रतियोगिता के मैन सिंगल्स में उत्तराखंड के ध्रुव रावत ने मध्य प्रदेश के अद्वियोम जोशी, आंध्र प्रदेश के उमा माहेश्वर रेड्डी ने हरियाणा के मानव चौधरी को राजस्थान के प्रणय कट्टा ने तमिलनाडु के वेंकट, हरियाणा के मनराज सिंह ने तमिलनाडु के प्रणय को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है। इसके साथ ही प्रतियोगिता में 250 से अधिक क्वालिफाइंग मुकाबले खेले गए। इन मुकाबलों में मैन- वूमेन सिंगल, डबल्स समेत अन्य विभिन्न श्रेणियां रहीं। जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष डीएल खट्टर, कोषाध्यक्ष वसंत चतुर्वेदी, जेडए खान, विष्णु शंकर शर्मा, श्रीकुमार अग्रवाल, जगदीश खंडेलवाल, गौरव भसीन, सुनील शर्मा, राकेश टंडन, देवेंद्र थापा, हिमांक सिंह, दीपक धवन, जितेंद्र कुमार मौजूद रहे।